नं. 1

# संजीव® बुक्स

## भूगोल-XII

(1) मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त (भाग-1) एवं

(2) भारत : लोग और अर्थव्यवस्था (भाग-2)

(प्रायोगिक कार्य सहित)

(कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार)

- माध्य. शिक्षा बोर्ड, 2025 के प्रश्न-पत्र का समावेश
- पाठ्यपुस्तक के सभी अभ्यास प्रश्नों का हल
- शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा जारी प्रश्न बैंक के प्रश्नों का हल सहित समावेश
- सभी प्रकार के अन्य महत्वपूर्ण प्रश्नों का समावेश
- योग्य एवं अनुभवी लेखकों द्वारा लिखित
- प्रथम श्रेणी प्राप्त करने के लिए पूर्ण सामग्री

**2026**

संजीव प्रकाशन,
जयपुर

मूल्य : ₹ 400/-

● प्रकाशक :

**संजीव प्रकाशन**

धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता,

जयपुर–3

email : sanjeevprakashanjaipur@gmail.com
website : www.sanjivprakashan.com

● © प्रकाशकाधीन

● **मूल्य : ₹ 400.00**

● लेजर कम्पोजिंग :

**संजीव प्रकाशन (D.T.P. Department),** जयपुर

● मुद्रक :

**आधुनिक बुक बाईन्डर,** जयपुर

******

❖ इस पुस्तक में त्रुटियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। किसी भी त्रुटि के पाये जाने पर अथवा किसी भी तरह के सुझाव के लिए आप हमें निम्न पते पर email या पत्र भेजकर सूचित कर सकते हैं—

email : sanjeevprakashanjaipur@gmail.com

पता : प्रकाशन विभाग संजीव प्रकाशन

धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता, जयपुर

# विषय-सूची

## मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त ( भाग-1 )

**इकाई I.**

1. मानव भूगोल—प्रकृति एवं विषय-क्षेत्र 1-14

**इकाई II.**

2. विश्व जनसंख्या—वितरण, घनत्व और वृद्धि 15-30
3. मानव विकास 31-42

**इकाई III.**

4. प्राथमिक क्रियाएँ 43-68
5. द्वितीयक क्रियाएँ 69-86
6. तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप 87-104
7. परिवहन एवं संचार 105-126
8. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार 127-139

**मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 140-160**

## भारत—लोग और अर्थव्यवस्था ( भाग-2 )

**इकाई I.**

1. जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन 161-177

**इकाई II.**

2. मानव बस्तियाँ 178-187

**इकाई III.**

3. भूसंसाधन तथा कृषि 188-211
4. जल-संसाधन 212-226
5. खनिज तथा ऊर्जा संसाधन 227-242
6. भारत के सन्दर्भ में नियोजन और सततपोषणीय विकास 243-255

**इकाई IV.**

7. परिवहन तथा संचार 256–271

8. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार 272–281

**इकाई V.**

9. भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएँ 282–293

**मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 294–309**

## भूगोल में प्रयोगात्मक कार्य

1. आँकड़े : स्रोत और संकलन 310–321

2. आँकड़ों का प्रक्रमण 322–330

3. आँकड़ों का आलेखी निरूपण 331–349

4. स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी 350–357

❑❑❑

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

## भूगोल
## (GEOGRAPHY)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 56**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें।
6. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
7. प्रश्न क्रमांक 17 से 18 मानचित्र कार्य से संबंधित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
8. विश्व एवं भारत के उपलब्ध कराए गए रेखा-मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें।

### खण्ड-अ (Section-A)

1. **नीचे दिये गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**
(Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer-booklet.)

(i) ''मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।'' मानव भूगोल की यह परिभाषा किसने दी है? [½]
(अ) एलेन सी. सेंपल (ब) रैटजेल
(स) विडाल-डी-ला-ब्लाश (द) ग्रिफिथ टेलर

(ii) निम्नांकित में से एशिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश कौनसा है? [½]
(अ) अफगानिस्तान (ब) बांग्लादेश (स) पाकिस्तान (द) चीन

(iii) भारत के उत्तरी पूर्वी राज्यों में स्थानान्तरणशील कृषि को क्या कहते हैं? [½]
(अ) झूमिंग (ब) मिल्पा (स) लादांग (द) कुमारी

(iv) आधारभूत उद्योग है— [½]
(अ) कागज (ब) चमड़ा (स) लौह इस्पात (द) वस्त्र

(v) तृतीयक क्रियाकलाप का उदाहरण है— [½]
(अ) परिवहन (ब) कृषि (स) खनन (द) अनुसंधान

(vi) आधुनिक संचार का साधन है— [½]
(अ) तार (ब) मोर्स कूट (स) टैलेक्स (द) इंटरनेट

(vii) कौनसे समुद्री मार्ग को ''वृहद् ट्रंक मार्ग'' कहा जाता है? [½]
(अ) उत्तरी प्रशान्त समुद्री मार्ग (ब) दक्षिणी अटलांटिक समुद्री मार्ग
(स) उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग (द) दक्षिणी प्रशान्त समुद्री मार्ग

(viii) एशिया का ''आंत्रपो'' पत्तन है— [½]
(अ) रोटरडम (ब) सिंगापुर (स) कोपेनहेगन (द) मुम्बई

(ix) ''विश्व व्यापार संगठन'' का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है? [½]
(अ) जिनेवा (ब) रोम (स) दिल्ली (द) वियेना

(x) ''गैरिसन'' नगर का उदाहरण है— [½]
(अ) हरिद्वार (ब) उज्जैन (स) अंबाला (द) पुष्कर

(xi) पेय फसल है— [½]
(अ) रागी (ब) कॉफी (स) अंगूर (द) गन्ना

(xii) "अरवरी पानी संसद" किस राज्य की जल संभर प्रबन्धन योजना है? [½]
(अ) तमिलनाडु (ब) गुजरात (स) आन्ध्रप्रदेश (द) राजस्थान

(xiii) भारत सरकार ने देश में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कौनसा अभियान चलाया? [½]
(अ) जल क्रान्ति (ब) पानी बचाओ (स) पर्यावरण बचाओ (द) नीरू-मीरू

(xiv) धात्विक खनिज है— [½]
(अ) ग्रेफाइट (ब) माइका (स) तांबा (द) पेट्रोलियम

(xv) "बॉक्साइट" किस धातु का अयस्क है? [½]
(अ) लोहा (ब) एल्युमिनियम (स) मैंगनीज (द) सोना

(xvi) "इन्दिरा गाँधी नहर" की संकल्पना किसने प्रस्तुत की थी? [½]
(अ) जवाहरलाल नेहरू (ब) इन्दिरा गाँधी (स) जमनालाल बजाज (द) कँवर सेन

(xvii) सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सड़क बनाने का कार्य कौनसा संगठन करता है? [½]
(अ) राज्य सड़क संगठन (ब) राष्ट्रीय महामार्ग संगठन
(स) सीमा सड़क संगठन (द) जिला सड़क संगठन

(xviii) मुम्बई पत्तन के दबाव को कम करने के लिए किस अनुंषगी पत्तन का निर्माण किया गया? [½]
(अ) चेन्नई (ब) मार्मागाओ (स) कांडला (द) जवाहरलाल नेहरू

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** (Fill in the blanks) :

(i) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की ................. अवस्था में उच्च प्रजननशीलता व उच्च मृत्यु दर होती है। [½]
In the ............... stage of Demographic Transition Theory there is high fertility and high mortality rate.

(ii) मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन ............. ने किया था। [½]
The concept of Human Development was propounded by ............ .

(iii) अंगूर की कृषि ............... क्षेत्र की विशेषता है। [½]
Grapes cultivation is a specialty of ................ region.

(iv) प्रमोद के उद्देश्य से की गई यात्रा को ............ कहते हैं। [½]
Travelling for the purpose of enjoyment is called ................. .

(v) व्यक्तियों व वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की सेवा को ............. कहते हैं। [½]
The service of carrying people and goods from one place to another is called ......... .

(vi) ................ को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रवेश द्वार कहते हैं। [½]
............ is called the gateway of international trade.

(vii) 2011 की जनगणना के अनुसार .............. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है। [½]
According to the 2011 census, .............. is the state with highest population density in India.

(viii) रानीगंज व झरिया ........... नगरों के उदाहरण हैं। [½]
Raniganj and Jharia are example of ............. town.

(ix) ............... केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित जल संभर विकास योजना है। [½]
............... is a watershed development project sponsored by the Central Government.

(x) सूखा संभावी क्षेत्र कार्यक्रम ........... पंचवर्षीय योजना में प्रारम्भ किया गया। [½]
"Drought Prone Area Programme" was started in the ............ Five Year plan.

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न** (Very Short Answer Type Questions) —

(i) मुख्य श्रमिक किसे कहते हैं? [1]
Who are called main worker?

(ii) किन्हीं दो अपरम्परागत ऊर्जा स्रोतों के सुझाव दीजिए। [$2\times1/2=1$]
Suggest any two unconventional energy sources.

(iii) उन भूवैज्ञानिक कालों के नाम लिखिए जिनमें भारत में कोयला निर्माण हुआ। [$2\times1/2=1$]
Write down names of two geological periods in which coal formation place in India.

(iv) ''पल्ली'' बस्ती के दो स्थानीय नाम लिखिए। [$2\times1/2=1$]
Write two local names of "Hamleted" settlement.

(v) दो रेशेदार फसलों के नाम लिखिए। [$2\times1/2=1$]
Write the names of two fibre crops.

(vi) मानव भूगोल की कौनसी विचारधारा मार्क्स के सिद्धान्त पर आधारित है? [1]
Which school of human geography is based on "Marxian Theory"?

(vii) जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले दो भौतिक कारकों के नाम लिखिए। [$2\times1/2=1$]
Write the names of two physical factors affecting the distribution of population.

(viii) आवधिक बाजार किसे कहते हैं? [1]
What is periodic market?

(ix) प्रथम बार कौनसे वर्ष मानव विकास की रिपोर्ट प्रकाशित की गई? [1]
In which year Human Development Report was published for the first time?

## खण्ड-ब (Section-B)

**लघूत्तरात्मक प्रश्न** (Short Answer Type Questions) —

4. सामाजिक भूगोल के तीन उपक्षेत्रों के नाम लिखिए। [$3\times1/2=1\,1/2$]
Write names of three sub fields of social geography.

5. मानव विकास के किन्हीं तीन उपागमों के नाम लिखिए। [$3\times1/2=1\,1/2$]
Write the names of any three approaches of human development.

6. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की श्रमजीवी (कार्यशील) जनसंख्या को कितने संवर्गों में बाँटा है? किन्हीं दो के नाम लिखिए। [$2\times3/4=1\,1/2$]
According to 2011 census, India's working population is divided into how many categories? Write names of any two.

7. पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए दो सुझाव दीजिए। [$2\times3/4=1\,1/2$]
Give two suggestions for the development hilly areas.

8. द्विपक्षीय व्यापार व बहुपक्षीय व्यापार में अन्तर स्पष्ट कीजिए। [$1\,1/2$]
Explain the difference between bilateral trade and multi-lateral trade.

9. तरल व गैसीय पदार्थों के परिवहन के लिए आप परिवहन के किस साधन का चयन करोगे व क्यों? [$2\times3/4=1\,1/2$]
Which mode of transport will you choose for transporting liquid and gaseous substances and why?

10. भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में वृद्धि के दो कारण स्पष्ट कीजिए। [$2\times3/4=1\,1/2$]
Explain two reasons for the increase in import of petroleum products in India.

11. जल प्रदूषण निवारण के दो उपाय बताइये। [$2\times3/4=1\,1/2$]
Suggest two measures to prevent water pollution.

## खण्ड-स (Section-C)

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (Long Answer Type Questions) —

12. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [3×1=3]
Mention three characteristics of Extensive Commercial Grain Forming.

**अथवा/OR**

चलवासी पशुचारण के तीन क्षेत्रों को स्पष्ट कीजिए।
Explain three areas of nomadic animal herding.

13. पनामा नहर व स्वेज नहर की तुलना अवस्थिति व लाभ के आधार पर कीजिए। [$2\times1^1/_2$=3]
Compare the Suez Canal and Panama Canal on the basis of location and advantages.

**अथवा/OR**

आन्तरिक जलमार्ग से आप क्या समझते हैं? विश्व के किसी एक आन्तरिक जलमार्ग का वर्णन कीजिए।
What do you understand by inland waterways? Describe any one inland waterway of the world.

14. झाबुआ जिले में भूनिम्नीकरण को रोकने के लिए किए गये तीन उपायों को सुझाइये। [3×1=3]
Suggest three measures taken to prevent land degradation in Jhabua district.

**अथवा/OR**

वायु प्रदूषण के लिए उत्तरदायी कारकों को समझाइये।
Explain the factors responsible for air pollution.

## खण्ड-द (Section-D)

**निबन्धात्मक प्रश्न** (Essay Type Questions) —

15. आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण उद्योगों की किन्हीं चार विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। [4×1=4]
Analyse any four characteristics of modern large-scale manufacturing industries.

**अथवा/OR**

आकार के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं? विस्तार से विवेचना कीजिए।
How many types of industries are there on the basis of size? Discuss in detail.

16. भारतीय कृषि की किन्हीं चार समस्याओं का विश्लेषण कीजिए। [4×1=4]
Describe any four problems of Indian agriculture.

**अथवा/OR**

भारतीय कृषि के किन्हीं चार प्रकारों का वर्णन कीजिए।
Describe any four types of Indian agriculture.

## खण्ड-य (Section-E)

17. दिए गए विश्व के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित हवाई पत्तनों को अंकित कीजिए— [4×½=2]
(अ) मुम्बई (ब) शिकागो (स) लंदन (द) सिडनी
Mark the following airport on the given outline map of the world—
(A) Mumbai (B) Chicago (C) London (D) Sydney

18. दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित बन्दरगाहों को अंकित कीजिए— [4×½=2]
(अ) विशाखापट्टनम (ब) कांडला (स) कोलकाता (द) पारादीप
Mark the following sea port on the given outline map of India—
(A) Vishakhapatnam (B) Kandla (C) Kolkata (D) Paradip

□□□

# भूगोल–कक्षा 12 (भाग-1)

## मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त

## इकाई-I

## 1. मानव भूगोल—प्रकृति एवं विषय-क्षेत्र

### पाठ-सार

**मानव भूगोल की प्रकृति**—भौतिक भूगोल भौतिक पर्यावरण का अध्ययन करता है, जबकि मानव भूगोल 'भौतिक/प्राकृतिक पर्यावरण तथा मानवीय जगत् के बीच सम्बन्ध, मानवीय घटनाओं का स्थानिक वितरण तथा उनके घटित होने के कारण एवं विश्व के विभिन्न भागों में सामाजिक और आर्थिक विभिन्नताओं का अध्ययन करता है।' भौतिक पर्यावरण के अंग हैं, यथा—स्थलाकृति, मृदा, जलवायु, जल, प्राकृतिक वनस्पति और विविध प्राणिजात आदि।

**मानव का प्राकृतिकरण और प्रकृति का मानवीकरण**—मनुष्य अपनी प्रौद्योगिकी की सहायता से अपने भौतिक पर्यावरण से अन्योन्य क्रिया करता है। प्रौद्योगिकी किसी समाज में सांस्कृतिक विकास के स्तर की सूचक होती है। प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए प्रकृति का ज्ञान महत्त्वपूर्ण है और प्रौद्योगिकी मनुष्य पर पर्यावरण की बंदिशों को कम करती है। प्राकृतिक पर्यावरण से अन्योन्य क्रिया की आरम्भिक अवस्थाओं में मानव इससे अत्यधिक प्रभावित हुआ था। उन्होंने प्रकृति के आदेशों के अनुसार अपने आपको ढाल लिया, क्योंकि प्रौद्योगिकी का स्तर अत्यन्त निम्न था और मानव के सामाजिक विकास की अवस्था भी आदिम थी।

आदिम मानव समाज और प्रकृति की प्रबल शक्तियों के बीच इस प्रकार की अन्योन्य क्रिया को 'पर्यावरणीय निश्चयवाद' (वातावरण निश्चयवाद) कहा गया।

**प्रारम्भिक अवस्था में प्रकृति और मनुष्य के सम्बन्ध**—प्रारम्भिक अवस्था में प्रकृति और मनुष्य के पारस्परिक सम्बन्धों में मनुष्य प्रकृति से अधिक प्रभावित था। वह प्रकृति के अनुसार चलता था। ऐसे समाजों के लिए भौतिक पर्यावरण 'माता-प्रकृति' के समान था। समय के साथ मनुष्य ने प्रकृति तथा प्राकृतिक शक्तियों को पहचानना शुरू कर दिया। सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के फलस्वरूप मनुष्य ने बेहतर तकनीक का विकास कर लिया। वह स्वतन्त्रता की स्थिति के लिए आगे बढ़ने लगा।

**सम्भववाद**—मानव ने संसाधनों से सम्भावनाओं की जानकारी प्राप्त कर ली। मानव क्रियाओं की छाप को प्रत्येक स्थान पर देखा जा सकता है। उच्च स्थानों पर स्वास्थ्य विश्रामस्थल, विशाल नगरीय विस्तार, चरागाह, उद्यान आदि पर्वतों और मैदानों में देखे जा सकते हैं। तटीय भागों में बन्दरगाह, महासागरीय मार्ग तथा अन्तरिक्ष में उपग्रह आदि ये सभी मानव क्रियाएँ हैं। आरम्भिक विद्वानों ने इसे 'सम्भववाद' का नाम दिया। मानव-वातावरण अन्तर्सम्बन्धों की इस विचारधारा के अनुसार प्रकृति अवसर प्रदान करती है और मनुष्य इनका लाभ उठाता है। इस प्रकार धीरे-धीरे प्रकृति मानवकृत हो जाती है और मानव छाप उस पर पड़नी शुरू हो जाती है।

**नवनिश्चयवाद**—ग्रिफिथ टेलर ने मानव प्रकृति के सम्बन्ध में मध्यम मार्ग की खोज की। यह पर्यावरणीय निश्चयवाद और संभववाद के मध्य था। उन्होंने इसे 'नव निश्चयवाद अथवा रुको व जाओ निश्चयवाद' कहा। इस विचारधारा के अनुसार न तो पर्यावरणीय निश्चयवाद की स्थिति रहती है और न ही संभववाद की स्थिति रहती है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्राकृतिक नियमों का पालन करते हुए मनुष्य अपने प्रयास से प्रकृति पर विजय प्राप्त कर सकता है।

**मानव भूगोल के क्षेत्र और उप-क्षेत्र**—मानव भूगोल मानव जीवन के सभी तत्त्वों तथा अन्तराल जिसके अन्तर्गत वे घटित होते हैं, के मध्य सम्बन्ध की व्याख्या करने का प्रयास करती है। इस प्रकार मानव भूगोल की प्रकृति अत्यधिक अन्तरविषयक है। मानवीय तत्त्वों को समझने व उनकी व्याख्या करने के लिए मानव भूगोल सामाजिक